रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-06012021-224212
CG-DL-E-06012021-224212

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 5] | नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 5, 2021/पौष 15, 1942 |
| No. 5] | NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 5, 2021/ PAUSHA 15, 1942 |

## कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

### (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

### अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 जनवरी, 2021

**सा.का.नि. 6(अ).**—केंद्रीय सरकार, लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 (2014 का 1) की धारा 59 के साथ पठित धारा 10 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में लोकपाल में बहुकार्यकर्मचारीवृन्द के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम लोकपाल (बहुकार्यकर्मचारीवृन्द, समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2021 है ।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में स्तर.**— पद की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनका वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.**— भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.**— वह व्यक्ति,–

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है; या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुये किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.—** जहां केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों के बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति-** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गो, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| **पद का नाम** | **पद की संख्या** | **वर्गीकरण** | **वेतन मैट्रिक्स में स्तर** | **चयन पद है या अचयन पद** | **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा** | **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| बहुकार्य कर्मचारीवृन्द | 112*(2021)<br>* कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय। | वेतन मैट्रिक्स में स्तर- 1 (18000-56900 रु.) | लागू नहीं होता | 18 और 27 वर्ष के बीच।<br>केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए 40 वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।<br>**टिप्पण:** -आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह होगी जो लोकपाल द्वारा विज्ञापित की जाए। | किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन |

| **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं** | **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी** | **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।** | **भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता** |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन। | लागू नहीं होता। | दो वर्ष | 50% सीधी भर्ती द्वारा; और 50% प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा। |

| (11) | (12) | (13) |
|---|---|---|
| **प्रोन्नति /प्रतिनियुक्ति / आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणीयां जिनसे प्रोन्नति/ प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा** | **यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना** | **भर्ती करने में किन परिस्थितियो में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा** |
| **प्रतिनियुक्ति / आमेलन :** केंद्रीय सरकार या न्यायिक या अर्ध न्यायिक निकायों के ऐसे अधिकारी:-<br>(क) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किये हुए हैं; और<br>(ख) जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं हैं।<br>**टिप्पण 1 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**टिप्पण 2 :** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। | समूह 'ग' विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए ) जिसमें निम्नलिखित होंगे:-<br>1. निदेशक/उप सचिव, लोकपाल - अध्यक्ष;<br>2. अवर सचिव, लोकपाल - सदस्य;<br>3. अनुभाग अधिकारी, लोकपाल - सदस्य । | लागू नहीं होता |

[फा. सं. 407/22/2019-एवीडी-IV(एलपी)]

रश्मि चौधरी, अपर सचिव

## MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS

### (Department of Personnel and Training)

### NOTIFICATION

New Delhi, the 5th January, 2021

**G.S.R. 6(E) .**—In pursuance of the powers conferred by sub-section (3) of section 10 read with section 59 of Lokpal and Lokayuktas Act, 2013 (1 of 2014), the Central Government hereby makes following rules regulating the method of recruitment to the post of Multi Tasking Staff in the Lokpal, namely:-

**1. Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Lokpal (Multi Tasking Staff, Group 'C' posts) Recruitment Rules, 2021.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of post, classification, level in the pay matrix.**—The number of post, its classification, and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

**3. Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.**—The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the aforesaid Schedule.

**4. Disqualification.—**No person, –

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**5. Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**6. Saving.—**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Schedule Castes, the Scheduled Tribes, other backward classes, Ex-Servicemen and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of Post | Number of Post | Classification | Level in pay matrix | Whether selection post or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Multi Tasking Staff | 112* (2021)<br><br>*Subject to variation dependent on workload. | General Central Service, Group `C', Non-Gazetted, Non- Ministerial. | Level 1 in the pay matrix (Rs.18000-56900) | Not applicable | Between 18 and 27 years of age. Relaxable for Government Servants up to forty years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government.<br>Note: The crucial date for determining the age-limit shall be as advertised by the Lokpal. |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any |
|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) |
| Matriculation from a recognised Board | Not applicable | Two years |

| Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion or deputation/absorption, grades from which promotion or deputation to be made |
|---|---|
| (10) | (11) |
| 50 per cent. by direct recruitment; and<br>50 per cent. by deputation/absorption. | Deputation/Absorption:<br>Officials of the Central Government or Judicial or quasi-judicial bodies,—<br>(a) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or department; and |

| | |
|---|---|
| | (b) possessing the qualifications prescribed for direct recruits under column (7).<br><br>**Note 1:** The period of deputation including the period of deputation in another *ex-cadre* post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not to exceed three years.<br><br>**Note 2:** The maximum age-limit for appointment by deputation shall not be exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications. |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|
| (12) | (13) |
| Group 'C' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of:-<br>1. Director/Deputy Secretary, Lokpal – Chairman;<br>2. Under Secretary, Lokpal – Member;<br>3. Section Officer, Lokpal – Member. | Not applicable. |

[FILE NO.407/22/2019-AVD-IV(LP)]
RASHMI CHOWDHARY, Addl.Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.
SURENDER MAHADASAM Digitally signed by SURENDER MAHADASAM Date: 2021.01.06 12:42:51 +05'30'